भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड
Securities and Exchange Board of India

सुनवाई की सूचना

यह सूचित किया जाता है कि नीचे दी हुई सारणी में जिस नोटिसी का उल्लेख किया गया है, उसे 'कारण बताओ सूचना' जारी की गई थी । उपरोक्त 'कारण बताओ सूचना' की तामील नोटिसी के अंतिम ज्ञात पतों (जो रिकॉर्ड में उपलब्ध थे) पर नहीं हो पाई थी, इसलिए इसकी तामील 5 जुलाई, 2024 को सार्वजनिक सूचना जारी करके की गई थी । कारण बताओ सूचना के ब्यौरे नीचे सारणी में दिए गए हैं:

क्र. सं.	नोटिसी का नाम	नोटिसी का पता	मामले का नाम	'कारण बताओ सूचना' सं. एवं तारीख
1.	सुश्री अंबर जैदी	डी-9, ओखला विहार, जामिया नगर, नई दिल्ली - 110025	मैसर्स पारसोली कारपोरेशन लिमिटेड	SEBI/HO/CFD/SEC-1/OW/P/05300/5 - तारीख 8 फरवरी, 2023

इसी अनुक्रम में, सक्षम प्राधिकारी ने नोटिसी को व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर प्रदान किया है । इस प्रकार, व्यक्तिगत सुनावाई **7 अगस्त, 2024 को दोपहर 2.30 बजे ज़ूम (Zoom) प्लेटफॉर्म** पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए की जाएगी।

उपरोक्त नोटिसी को यह सूचित किया जाता है कि 'कारण बताओ सूचना' की प्रति और सुनवाई के ब्यौरे भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के निगम वित्त विभाग (सीएफडी) से प्राप्त किए जा सकते हैं, जिसका पता इस प्रकार है: सेबी भवन, प्लॉट सं. सी-4ए, 'जी' ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई - 400051 । इसके अलावा, कारण बताओ सूचना की प्रति भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की वेबसाइट (www.sebi.gov.in) से भी डाउनलोड की जा सकती है, जो सेबी की वेबसाइट पर इस शीर्षक के अंतर्गत दी हुई है: "समन / सूचनाएँ (नोटिस) - जिनकी तामील नहीं हो सकी" ("Unserved Summons / Notices") । साथ ही, ज़ूम (Zoom) प्लेटफॉर्म पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए की जाने वाली सुनवाई के ब्यौरे इन ईमेल आईडी पर ईमेल भेजकर प्राप्त किए जा सकते हैं: chetanchoraria@sebi.gov.in या nirmalm@sebi.gov.in । यदि नोटिसी कोई जवाब आदि प्रस्तुत करना चाहे, तो ऐसे में जवाब आदि व्यक्तिगत सुनवाई की तारीख से कम से कम चार दिन पहले अवश्य प्रस्तुत कर दिया जाए ।

यदि नोटिसी की ओर से कोई जवाब आदि प्राप्त नहीं होता है अथवा नोटिसी या नोटिसी का प्राधिकृत प्रतिनिधि निर्धारित सुनवाई में उपस्थित नहीं होता है, तो सेबी द्वारा इस मामले के संबंध में रिकॉर्ड में उपलब्ध सामग्री के आधार पर आगे कार्यवाही कर ली जाएगी ।

तारीख: 23.07.2024 **चेतन चोरडिया**

स्थान: मुंबई **सहायक प्रबंधक**

CBC 15204/11/0075/2425